
वर्ष : 7 अंक : 80 14 फरवरी, 2012 मूल्य : 150/- वार्षिक

# माली सैनी सन्देश

सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता ....



श्री अशोक गहलोत का प्रतिरूप

# भारत सेवा संस्थान

( विशेषांक )









सत्यमेव जयते

परिवार में सुख शान्ति रहे
और जीवन में प्रगति का उल्लास।
इसी भावना के साथ आपको एवं
सभी परिवारजनों को मेरी ओर से

# नववर्ष 2012

की हार्दिक शुभकामनाएं।

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री राजस्थान


NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 7 • अंक : 79 • 31 दिसम्बर , 2011 • मूल्य : 150/- वार्षिक


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षकः



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

## इस अंक में

आवरण कथा



## संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज मन्दिर भूमि पूजन शिलान्यास समारोह

# सम्पादक की कलम से ...



**गरीबों, पीड़ितों, दलितों, पिछड़ों और बीमारों के प्रति श्री अशोक गहलोत की करूणा ओर संवेदना का वर्णन करना बहुत मुश्किल काम है।**

"**भारत सेवा संस्थान**" उनकी उदात्त भावनाओं का एक मूर्तरूप है। मेरी राजनीति में खास रूचि नहीं है मगर श्री अशोक गहलोत जादुई व्यक्तित्व एवं नि:स्वार्थ भाव की समाज सेवा ने मुझे प्रभावित कर रखा है। "माली सैनी संदेश" के माध्यम से श्री अशोक गहलोत की गतिविधियों का मैं प्रचार करता रहा हूँ। इस अंक से एक स्थाई पेज "मुख्यमंत्री कहिन" प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके द्वारा अशोक जी द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रकाशित कर जनता में पहुँचाने का प्रयास किया जायेगा।

बेदाग छवि के जन नेता श्री अशोक गहलोत की प्राथमिकता जन सेवा रही है। राजनीति के लगभग तीन दशकों के लम्बे समय में किसी भी प्रतिफल की उम्मीद किये बिना गीता के "कर्म किये जा" के सिद्धांत को आधार बनाये रखा। इसी कड़ी में मैंने 'भारत सेवा संस्थान' का एक विशेषांक निकालने की योजना बनाई। '**भारत सेवा संस्थान**' का कार्यक्रम इतना व्यापक है कि चाहें तो दो सौ पेज की कोई किताब बना लें। पत्रिका में सारगर्भित मैटर बनाने में समय लगा और यह प्रयास गागर में सागर भरने के समान था। संस्थान के कार्यकर्ताओं का व्यवहार अत्यंत मधुर और मिलनसारिता से सराबोर है। इसलिए मुझे तिल मात्र भी कठिनाई नहीं आई।

मैं "माली सैनी संदेश" के तमाम पाठकों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने पत्रिका में छपे लेखों, रचनाओं, समाचारो, विशिष्ठ शैली, शब्दावली, कागज, छपाई, नियमितता और भावनाओं की प्रशंसा करके मेरा उत्साह बढाते है। देश भर में "माली सैनी संदेश" के नियमित पाठक यह अच्छी तरह जानते है कि "माली सैनी संदेश" विशुद्ध रूप से सामाजिक पत्रिका है। "माली सैनी संदेश" दुकानदारी नहीं है। "माली सैनी संदेश" पर श्री अशोक गहलोत के सदगुणों की गहरी छाप है। मैं आशा करता हूँ कि "माली सैनी संदेश" का यह अंक भी एक संग्रहणीय दस्तावेज होगा।

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**मनीष गहलोत**
**प्रधान सम्पादक**

# युवा समाजसेवी समाज में एकता के भाव पैदा कर स्पर्धा के दौर में समाज को आगे लाये

## उज्जैन सम्मेलन में सामाजिक नेताओं का उदघोष

उज्जैन, आल इंडिया सैनी सेवा समाज मध्यप्रदेश इकाई द्वारा आयोजित एकदिवसीय युवा एकता सम्मेलन अज्जैल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अनेक युवाओं का पगड़ी पहनाकर उनके समाज सेवा में अल्लेखनीय कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय यध्यक्ष चौ. इंद्रराज सिंह सैनी ने युवाओं को मार्गदर्शन देते हुये कहा कि आज पुरानी पीढ़ी ने जो देश मे समाज को स्थान दिया है, वह आज के युग में समाज को सभी क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिये बहुत ही कम है। हम संख्या बल में देश में पहले सथान पर होकर भी पीछे है इसलिये युवाओं को अब आगे आकर समाज को राजनैतिक रुप से सक्षम बनाने के लिये एकजुटता के साथ आगे आना पड़ेगा। समाज में व्यापत कु रीतियां को समाप्त करना होगा और शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल कायम करते हुये राजनैतिक पार्टियों की हमारे प्रति जो अनदेखी है उसे दूर करने के लिये संघर्षरत होकर राजनेताओं की चालों को समझकर एकता के सूत्र से समाज का भला करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्री पाल सैनी, कुशवाह महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अयोध्याप्रसाद कुशवाह, राष्टीय उपाध्यक्ष श्रीमती अलका सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जय भगवान सैनी, राष्ट्रीय सचिव श्री रामनारायण चौहान सहित श्री अशोक भाटी उज्जैन, मुन्ना थल्लोरे इंदौर, काशीनाथ महाजन बुरहानपुर,विनोद मकवाना बड़नगर, यादव लाल चौहान इंदौर, श्रीमती गीता कुशवाह उज्जैन, श्री गोपाल कृष्ण सैनी, श्री केसरीमल सैनी, नोज माली, राजकुमार माली आदि सामाजिक नेताओं का सम्मान किया गया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज एकता के लिये अपनी-अपनी बात रखी।

कार्यक्रम के सूत्रधार संयोजन कर्ता प्रदेश अध्यक्ष आल इंडिया सैनी सेवा समाज श्री सुरेन्द्र सांखला में अपने विशेष संचालन सम्बोधन में समाज के अनेक नेताओं के बारे में उनके कर्त्तव्य के प्रति प्रशंसा की और समाज को राजनैतिक पार्टियों से अलग करते हुये समाज को, समाज का आधार बनाकर काम करने का आव्हान किया। इस अवसर पर सामाजिक वक्ताओं ने श्री सांखला के सामाजिक कार्यो की प्रशंसा की। सम्मेलन में सोनू गेहलोत नगर निगम अध्यक्ष, रमेशचंद्र गेहलोत, शिवनारायण जागीरदर, लीलाधर आडतिया, दुर्गेश वर्मा, विजय भाटी, दिनेश सांखला, राजेश पिपलोदिया, मोहन सैनी , श्री कृष्णा कुशवाह, गोपाल पटेल, लखन जागीरदार, गोविंद दग्दी, कैलाश जादम, नागूलाल माली, प्रेम माली, हरश माली, कुंदन माली, यावद प्रसाद सैनी, संतोष सैनी, भेरुलाल चौहान, मनोहर चौहान, सत्यनारायण भोले, मांगीलाल हरोड, कैलाश पटेल, सम्यानारायण आजाद, सत्यनारायण कछावा, दीपक सांखला, हुकुम सांखला, मनोहर गेहलोत आदि का इस असर पर पगड़ी पहनाकर सम्मान स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सहित बड़ी संख्या में कुशवाह, माली, सैनी समाज के लोग मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन समज सेवी विजय भाटी ने माना।

## नन्दकिशोर गहलोत राज्यस्तर पर सम्मानित



26 जनवरी को राज्यस्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि महामहिम श्री शिवराज पाटिल राज्यपाल राजस्थान सरकार एवं राजस्थान मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के आतिथ्य में जोधपुर के नन्दकिशोर गहलोत को दुर्लभ वस्तुओं के संग्रह पर मानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री नन्दकिशोर गहलोत इससे पूर्व 15 अगस्त को संभागीय आयुक्त द्वारा जोधपुर जिला स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। गहलोत की अनेकों प्रदर्शनियां जोधपुर, जैसलमेर में आयोजित की जा चुकी है। इनके संग्रह में लगभग साढे तीन लाख माचिस बॉक्स, पोस्टल स्टाम्प 7 हजार, इनके साथ ही दुर्लभ सिक्के व नोटों का 7 हजार का संग्रह है। इसके साथ ही गहलोत कांच के बंटों एवं ताशों का भी संग्रह किया है। श्री गहलोत के इस सम्मान पर जोधपुर में ज्योति बा फूले जागृति मंच द्वारा उनको मालाएं व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष जयंत सांखला, रामस्वरूप गहलोत, गणेश कच्छवाह, दिनेश गहलोत, राजेश टाक एवं प्रदेश संगठनमंत्री जगदीश देवड़ा उपस्थित थे।

# सावित्री बाई फूले के नाम से शिक्षिका पुरस्कार

भोपाल। ऑल इण्डिया सैनी सभा का राष्ट्रीय सम्मेलन रेलवे ग्राउण्ड भोपाल माननीय श्री शिवराजसिंह चौहान मुख्यमंत्री के मुख्य अतिथि श्री जगदीश सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कांतिलाल भूरिया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रमुख अतिथि माननीय सरदारसिंह डंगस अध्यक्ष पिकप, श्री विश्वास सांरग विधायक श्री रमेश शर्मा, अध्यक्ष श्री कैलाश मिश्रा, अध्यक्ष नगर निगम श्री सुनील सुद पूर्व महापौर श्री पी सी शर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री महेन्द्रसिंह चैहान सचिव कांग्रेस विशेष अतिथि थे। अतिथियों ने महात्मा फूले के चित्र पर माल्याप्रण कर दीप प्रज्जवलित किया। श्री राजेन्द्रसहि सैनी प्रदेश अध्यक्ष, किशोरीलाल कुशवाहा, लीला किशन माली, जीपी माली तथा प्रतिनिधियों ने अतिथियों का स्वागत किया व प्रतिक चिन्ह भेंट किये।

मुख्यमंत्री जी ने माली सैनी कुशवाहा समाज की प्रसन्नता करते हुए प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले के नाम से प्रदेश की ओबीसी शिक्षिका को प्रतिवर्ष तीन जनवरी को रूपये 1 लाख रूपये का पुरस्कार देने, महात्मा ज्योतिराव फूले एवं सावित्रीबाई फूले की पुण्यतिथि पर शासकीय ऐच्छिक अवकाश, महात्मा फूले की निर्मित प्रतिमा 7 नं. चौराहा पर लोकार्पित करना, फूले साग सब्जी बोर्ड बनाना तथा इनकी समुचित कीमत दिलवाना, ओबीसी के 5 छात्रों को प्रशिक्षण हेतु विदेश भेजना, उद्योग धंधों केलिए 5 समाज के उद्यमियों की सहायता आदि की घोषणा की। जिससे उपस्थित हजारों प्रतिनिधियों खासकर महिलाओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

श्री कांतिलाल भूरिया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश एवं जिला कांग्रेस समाज की अधिक जनसंख्या वाली सीट पर उम्मीदवार, माली सैनी कुशवाह समाज को प्रतिनिधित्व देने की घोषणा की।

श्री शंकरराव लिंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष, महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान महाराष्ट्र, श्री मोतीलाल सांखला राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा फूले संस्थान श्री चंद सैनी उत्तरप्रदेश महावीरसिंह सैनी उत्तराखंड, श्री हरीश पटेल छत्तीसगढ़ विनय सैनी महासचिव दिल्ली हरियाणा, पंजाब, गुजरात आदि प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। आयोजन में सर्वश्री महेश सैनी, हरिसिंह सैनी भूपेन्द्र माली, बबली माली पार्षद, हेमलता कुशवाह पार्षद, लक्ष्मण माली, मनमोहन माली, मिश्रीलाल माली, डॉ. प्रेमलता सैनी, श्रीमती मीणा मावर, डॉ. छाया सैनी, धर्मेन्द्र सैनी, डॉ. पी.एन. अम्बाडकर, अजय माली, कल्लू पटेल, कैलाश कुशवहा अधिवक्ता, जगदीश कुशवाह, जगदीश सोलंकी, जयकुमार माली, गजानन भाटी, जगदीश सैनी, आर.डी. माने, कुंजी राहुल, लालता प्रसाद माली, एडवोकेट एडवोकेट मनोहर माली, ओमप्रकाश माली, राजेश माली सूरज माली, संतोष माली, अमृतलाल माली, आनन्द सैनी आदि ने अतिथियों को जोरदार बड़ी बडी मालाओं से स्वागत किया।

धनराज परमार ने ध्वनि एवं संगीतमय प्रस्तुति दी। रामनारायण चौहान, घनश्याम राहुल, सुभाष सक्सेना ने संचालन किया। आभार







# सावित्री बाई फूले की जयंती धूमधाम से मनाई

जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान की ओर से भारत में महिला सशक्तीकरण को प्रेरणा स्त्रोत सावित्रीबाई फूले की 182वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधाधर नगर स्थित संस्थान परिसर में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सावित्री बाईफूले के चित्र पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर सावित्री बाई को अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

इस अवसर पररक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर संयोजक पूनमचन्द कच्छावा ने 152 यूनिट रक्त एकत्रित किया और बताया कि इस एकत्रित रक्त को गरीब असहाय व जरूरतमंदों को इलाज के लिए दिया जायेगा। इस अवसर पर हुए विचार गोष्ठी का आयोजन में संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल पंवार ने बताया कि महिलाओं ने मई चेतना जागृत करने और उनमें व्याप्त धार्मिक अंधविश्वास को जड़ से खत्म करने के लिए क्रांतिजयोत के आलेख नाम से प्रसिद्ध अपनी सावित्री बाई फूले ने अपनी नि:स्वार्थ सेवा के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। अपने आदर्श गुणों के बल पर उहोंने एक कर्मठ अध्यापिका के रूप में न केवल दलित पिछडे एवं नारी समाज का कुशल नेतृत्व किया बल्कि एक नई अुलनीय मिसाल भी कायम की।


संस्थान के महामंत्री अनुभव चंदेल ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान सरकार मंत्री रामकिशोर सैनी बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कर्णसिंह यदव, डांग बोर्ड के अध्यक्ष सतयनारायणसिंह, विधायक भगवान सहाय सैनी विधाधर नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यशी विक्रमसिंह शेखावत कांग्रेस के प्रदेश सचिव ओम राजोरिया, छुट्टनलाल सैनी, जयपुर जिलाध्यक्ष मोहन राजोरिया, अतिरिक्त महाधिवक्ता इन्द्रराज सैनी, नगर निगम में मनोनीत पार्षद विनीत सांखला पार्षद रिद्धकरण परसराम पुरिया, विरधीचन्द सिंगोदिया आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---

**लक्ष्मणगढ़ - सीकर।** सैनी जागृति मंच लक्ष्मणगढ द्वारा सावित्रीबाई फूले की जयंती मंच के कार्यालय में मनाई गई।

मंच के अध्यक्ष श्री सीताराम राकसिया की अध्यक्षता में हुए जयंती समारोह में श्री सीताराम राकसिया, संरक्षक श्री बनवारीलाल पापटवाणा, मंत्री श्री विनोद कुमार सिंगोदिया ने सावित्रीबाई के महान त्याग के बारे में बताया। इन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में दलित वर्गो में तथा महिलाओं में शिक्षा का बीज बोकर सावित्रीबाई ने बहुत बड़ा कार्य किया।

समारोह में रामप्रताप गौड़, विनोद गौड़, ओमप्रकाश गौड़, राधेश्याम पंवार, वेणीप्रसाद टाक, रामावतार टाक, होलाराम सैनी, ढोलास सोहनलाल चूनवाल कोषाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित थे।



सावित्री बाई फूले महाविद्यालय और सावित्रीबाई फूले बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर छात्राओं ने भजन और कतिवाएं पेश की। समारोह में अतिथियों ने सावित्री बाई के जीवन मूल्यों को अपनाते हुए उनके बताये गए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। समारोह में संस्थान अध्यक्ष प्रेमप्रकाश सैनी, संरक्षक गंगाबक्श सैनी, उपाध्यक्ष रामगोपाल सैनी, कोषाध्यक्ष आनन्द सैनी, समन्वयक ओपी सैनी, सत्यभामा सैनी, छिगनलाल सैनी, गिरधारीलाल सेनी और मनोज सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। मंच संचालन अस्मिता यादव ने किया।

**जोधपुर।** सावित्री बाई फूले जागृति मंच जोधपुर द्वारा जयंती उत्सव 3 जनवरी को बड़े ही हर्षोल्लास व समाज के प्रतिष्ठित लोगों के बीच मनाया गया। मंच की संभाग अध्यक्षा श्रीमती रूपवति देवड़ा के अनुसार जयंती उत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुरजी का मन्दिर मगरा पूंजला में सार्वजनिक हॉल में सुबह 11 बजे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति सांवलसिंह सांखला व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाह ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि श्री महेन्द्रसिंह सांखला, मनोहरसिंह परिहार व अचलसिंह भाटी थे। कार्यक्रम में विशेष कार्यों में प्रमुख भूमिका हेतु कई जनों को मंच पर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रसिद्ध फोटोग्राफर जगदीशसिंह



देवड़ा, नरसिंह सांखला सवाईसिंह गहलोत, थानसिंह गहलोत, अंकित वंदना, भानुप्रिया आदि को सम्मानित किया गया।

मुख्य वकता के रूप में समाजसेवी सुभाष गहलोत, हेमसिंह गहलोत, जयंत सांखला थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह सभी ने महिला शक्ति को जागृत व आगे बढ़ने का सन्देश दिया व सम्भाग अध्यक्षा ने अपने सन्देश में समाज की एकता व प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भागीदारी का सन्देश दिया, सम्भाग की सचिव श्रीमती लाजवंती गहलोत ने धन्यवाद के साथ वर्ष भर के कार्यक्रम का ब्यौरा बताया मंच संचालन श्री विमलजी शास्त्री ने किया व मां सावित्री बाई के जीवन की विशेषताओं का वर्णन किया। कार्यक्रम बेहद सुन्दर व व्यवस्थित रहा।

**पाली।** सावित्री बाई फुले संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती कविता सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदार पटेल नगर में राजकी सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास में बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री अजीज दर्द की अध्यक्षता में सावित्री बाई फुले जयंति उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि श्री मिश्रीलाल सोलंकी, पूर्व पार्ष श्री भंवररा, निर्मला सोनी, ताराचंद टाक, छात्रावास व्यवस्थापपिता उपका कुलदीप, पूर्व पार्षद तुलसीराम, यशोदा देवी, आदि ने दीप प्रज्जवलित कर सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर पुष्पाजंलि की।

मुख्य अतिथि ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छोटी उम्र में शादी होने के बाद भी ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी को घर पर शिक्षा प्रदान की तथा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव दिलाया। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले का संपूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों के उत्थान के साथ सघर्ष करते हुए गुजारा। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फूले के साथ रहकर दबे कुचले समाज को बचाने के लिए रात दिन मेहनत कर जीवन के आखिरी समय तक समाज को उंचा उठाने का प्रयास किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आत्म विश्वास के साथ सामाजिक स्तर को उंचा उठाने के लिए संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर पाली संस्थान के अध्यक्ष श्री मिश्रीलाल पार्षद रामीबाई, पूर्व पार्षद भंवरराम, शहर अध्यक्षा श्रीमती कविता सैनी, अरूण परिहार आदि ने छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं को सावित्रीबाई फूले की तस्वीरें भेंट की।




# आचार्य रामगोपाल सैनी शेखावाटी गौरव सम्मान से सम्मानित

खण्डेला (सीकर)। शेखावाटी सांस्कृतिक समिति एवं श्रीनारायणदास सेवा संस्थान श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस पर 12 जनवरी 2011 को आयोजित सर्वधर्म सामाजिक समरसता समारोह के दौरान शेखावाटी के सुप्रसिद्ध विद्वान एवं सामाजिक कार्यकर्ता आचार्य रामगोपाल सैनी को शेखावाटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। केन्दीय जनजा में विकास राज्यमंत्री श्री महादेव खण्डेला विधायक श्रीबंशीधर बाजिया, नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती फातिमा मलकान, संत श्री राधवाचार्य श्री महाराज, रैवास स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती वैदिक आश्रम, पिपराली (सीकर) एवं श्री रामकृष्ण मिशन मठ खेतडी के स्वामीजी के सान्निध्य में आचार्यजी को शेखावाटी गौरव के सम्मान पत्र मोमेन्टो एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र व माल्यार्पण से सम्मानित किया गया।

# फुले जयन्ती पर अभिनव प्रयोग

## जयन्ती, काव्यगाष्ठी एवं सम्मान समारोह

फतेहपुर शेखवाटी। इस बार यहाँ सावित्रीबाई फुले यहन्ती अलग तरीके से मनाई गई । स्थानीय संस्थाओं ज्यातिबा फूले विचार मंच, ओ.बी.सी. विकास मंच, साहित्य संसद, माली पंचायत एवं सैनी युवक संघ के तत्वावधान में श्री आशाराम भाटी सैनी छात्रावास एवं ए.आर.बी.पब्लिक स्कूल परिसर में मनाई गई जयन्ती में सभी धर्मो एवं सभी पातियो के लोगों को अमंत्रित किया गया। ब्राह्मण, राजपूर,वैश्य, जाट, सैनी, नाई, गुर्जर, कुमावत, सैनी, सोनी, मेघवाल, स्वामी, भार्गव, मुस्लिम आदि अनेक वर्गो के लोगों ने इसमें बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया।



फतेहपुर के नहीं अपितु बाहर से भी अनेक लोग इसमें सम्मिलित हुए। श्री सरदारमल तंवर के नेतृत्व में चूरू से श्री नरेन्द्र जमालपुरिया, अशोक चौहान, सांवर मल तंवर, महावीर प्रसाद खडोलिया, श्री चानणमल राकसिया, महावीर प्रसाद सिंगोदिया

लादनूं से श्री प्रेम प्रकाश आर्म, मुकुनगढ से श्री किशोर लाल जाजम, भालेरी द्धचूरूऋ से पं. रामावतार शर्मा, रायहिं नगर से संदीप स्वामी, गांगियासर से ब्रह्मचारी श्री गणेश चैतन्य (वेदांत आश्रम) रामगढ से दीपक चांदोलिया, सुश्री शिवानी गौड़, ढाकाली से भी भंवर महरिया आये। कार्यक्रम 3 चरणों मे हुआ। सर्वप्रथम भारत की प्रथम महिला शिक्षिका के जीवन एवं कार्यो पर सुप्रसि) विद्वान आयार्म राम गोपाल शास्त्री ने विस्तृत प्रकाश डाला। श्री अशोक चौहान, चूरू ने सावित्रीबाई के त्याग एवं सहनशलता का वर्णन किया। श्री सरदारमल तंवर, चूरू ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि सावित्रीबाई जैसी नारियों के त्याग के फलस्वरूप महिलाओं मे शिक्षा का प्रसार हो रहा है किन्तु शिक्षा के साथ

देने एवं साहित्य संसद की स्थापना करने के लिए माला पहनाकर, शॉल ओढा कर, साहित्य एवं सम्मान पत्र भेंट करकर सम्मान किया गया।

दूसरा सम्मान श्री प्रेमप्रकाश छकड़ा से. नि. सहायक ले खाधिकारी का हुआ। श्री छकड़ा फतेहपुर सब ट्रेजरी में सब ट्रेजरार तथा उसके बाद जिला शिक्षा उधिकारी कार्यालय, सीकर में सहायक ले खाधिकारी रहकर सेवा निवृत्र हो गये है। अपने राजकीय लेखा सेवा में रहकर मधुर व्यवहार के साथ जनसेवा की। आप मिलनसार एवं सहयोगी प्रकृति के अधिकारी रहे। राज्य वेसा के अतिरिक्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यो मे भी आपने भाग लिया व अब भी ले रहे है। आपका भी माला, शॉल, साहित्य एवं सम्मानपत्र से सम्मान किया गया।

तीसरे चरण में काव्यगोष्ठी हुई। इसमें श्री सलाहु दीन अंबर ने गजल सुनाई, रामाचार्त्र ने अभी बहुत दूर चलना है, शीर्षक प्रेरक रचना सुनाई। नवोदित कवि मदन जांगिड़ व्यंग्य किये। भंवर लाल महरिया ने वर्तमान सामाजिक एवं राजनैतिक व्यवस्था पर अपनी कविताओं से प्रहार किये।आत्रार्म विनोद शास्त्री ने 'इस भारत में मत आहयो रे गणेश जी महाराज ' नामक गीत गाकर 'भारत की वर्तमान विकृत स्थिति का चित्रण किया। श्री राकेश पटवारी ने राजनैतिक व्यवस्था पर चोट की । श्री शिशुपाल सिंह नारसरा ने किसान एवं मजदूर के दर्द, को मुखर किया। सतीश शाण्डिल्य ने बाल मजदूर प्रथा का चित्रण किया।

संत ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य ने वेदांत के अनुसार जीव एवं ब्रह्म के संबंध पर प्रकाश डाला। जयन्ती समारोह की अध्यअता श्री सज्जनसिंह शेखावत, तहसीलदार फतेहपुर ने की। मुख्य अतिथि प्रो. श्री एच.पी.शर्मा

श्री अशोक गहलोत का प्रतिरूप है





**मुख्यमंत्री सहायता कोष**

संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने ही अपने प्रथम मुख्यमंत्री काल में मुख्यमंत्री सहायत कोष की स्थापना की।

भारत सेवा संस्थान इसके माध्यम से गुर्दा, हृदय कैंसर, रोड एक्सीडेंट में हुए घायलों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता कोष से आर्थिक सहायता दिलाने में मदद करता है। 1 जनवरी 2010 से 31 दिसमबर 2010 तक करीब साठ लाख तथा 1 जनवरी 2011 से अब तक

उसके बाद मेहरानगढ़ दुखांतिका के मृतकों की कुवारी बहिनों तथा पुत्रियों के लिए 25-25 हजारों की एफडी भारत सेवा संस्थान की ओर से बनवाई गई। ताकि व्यस्क होने पर उनकी उच्च शिक्षा व शादियों में वो पैसा काम आ सके। इस प्रकार के 175 केस बने। जिसमें 43 लाख 75 हजार का व्यय भारत सेवा संस्थान ने उठाया। भारत सो संस्थान के चिकित्सा प्रकोष्ठ की गतिविधियां देखकर लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के हृदय की उदात भावना का पता चलता है। मेहरानग



सर्वोदय की अवधारणाओं का दर्शनात्मक विश्लेषण के संदर्भ में जैसे विषय पर डॉक्टरेट की। हाल ही में राज्य सरकार ने आपको जय नारायण व्यास विद्यालय की सिंडिकेट में सदस्य मनोनीत किया है।

सामाजिक सरोकार की दिशा में सस्थान विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निशक्त पेंशन, विश्वास योजना, आस्था योजना, निशक्त विवाह योजना, परिवहन सहायता योजना, विधवा पुर्नविवाह अनुदान, पालनहार योजना, अल्पसंख्यकों हेतु स्वरोजगार, अनुसूचित जाति, जन जाति कल्याण योजना, कियोस्क वितरण, निशक्त छात्रवृत आदि विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जरूरतमंद लोगों को सहयोग उपलब्ध करवाने का काम करता है। सरकार काफी योजनाएं बनाती है। मगर जानकारी के अभाव में अनेक वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह जाते है। भारत सेवा संस्थान समय समय पर शिविर लगा कर इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने का प्रयत्न करता है। संस्थान जोधपुर निवासियों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आस्था कार्ड तक की सहायता उपलब्ध करवाता है।

भारत सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक हितार्थ सम्पादित किये गए कार्यो का विवरण

1. मेहरागढ़ दुखांतिका : अस्थि विसर्जन कार्यक्रम दिनांक 6 अक्टूबर 2008

2. मेहरानगढ़ दुखांतिका भांवाजलि कार्यक्रम दिनांक 26 अक्टूबर

3. प्रताप नगर हरिजन बस्ती के मकान में अग्निकांड संस्थान द्वारा सर्वे व सांत्वना दिनांक 6 नवम्बर 2008।

4. मेहरानगढ़ दुखांतिका : एफडीआर वितरण हेतु परिवार सर्वे कार्यक्रम 15 दिसम्बर 2008।

5. मेहरानगढ़ दुखांतिका : एफडीआर बनाने का बैंक के साथ के कार्यक्रम दिनांक 9 जनवरी 2009।

6. माननीय मुख्यमंत्री द्वारा एफडीआर वितरण कार्यक्रम दिनांक 19 जनवरी 2009।

7. पेंशन शिविर आयोजन दिनांक 3 मर्च 2009

8. सुशासन और विकास की ओर बढ़ते कदम संगोष्ठि दिनांक 22 मार्च 2009।

9. जन्म मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र शिविर दिनांक 29 जून 2009।

10. माह जुलाई में हरित राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक वृक्षारोपण गौशाला मैदान, कचहरी परिसर एवं मेडिकल कॉलेज चौराहा पर आयोजित किया गया।

11. जनवरी 2010 को पेंशन कैम्प में एक हजार से अधिक लोगों के पेंशन स्वीकृत कराकर लाभ पहुंचाया गया।

12. छात्रवृति केएन कॉलेज : 9 अगस्त 2010

13. सामाजिक सरोकार एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी को आमजन तक हपुंचाने की दृष्टि से वार्डो में कार्यशालाओं का आयोजन : 32 वार्डो में 10 फरवरी 2010 से 8 अप्रेल 2010 तक लगातार। 32 वार्डो में सामाजिक योजनाओं के प्रचार प्रसार संबंधित कार्यक्रम।

14. 3 मई 2010 को पालनहार योजना का शिविर संस्थान में।

15. 30 सितम्बर 2010 मेहरानगढ दुखांतिका की दूसरी बरसी पर जालोरीगेट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन।

16. 10 जनवरी 2010 आस्था कार्ड जारी करने हेतु शिविर।

इसी क्रम में 31 जुलाई को हरित राजस्थान संबंधित चित्रों की विशाल प्रदर्शनी सूचना केन्द्र के मिनी ऑडिटोरियम में लगाई गई एवं इससे पूर्व सोहनलाल मणिहार सी. सैकेण्डरी विद्यालय में शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल ड्राइंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रिकार्ड 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**अध्ययन केन्द्र**

अनेक छात्र प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होकर आगे बढने का ख्वाब देखते है। लेकिन उनमे से कई छात्र पुस्तकों एवं मार्गदर्शन के अभाव में मनमसोस कर रहे जाते है। श्री अशोक गहलोत ने छात्रों की इस पीड़ा को सुना, समझा और भारत सेवा संस्थान में अध्ययन प्रकोष्ठ की स्थापना की। अध्यक्ष प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री प्रतापसिंह गहलोत है। आप स्टेट बैंक



रक्तदाता का हौसला बढ़ाते श्री नरपत सिंह कच्छवाहा एवं अन्य अतिथि



श्री अशोक गहलोत शिविर में सेवाऐं प्रदान करने वालों का आभार प्रकट करते हुए



ऑफ इण्डिया से सेवानिवृत अधिकारी है। इनके मधुर व्यवहार एवं अपनेपन से हर एक विद्यार्थी इन्हें अपना हमदर्द और मार्गदर्शक मानता है।

इस दिशा में चार कार्यक्रम संचालित हो रहे है।

में संस्था द्वारा संचालित बिक्री केन्द्र में महात्मा गांधी एवं अन्य महापुरूषों से संबंधित साहित्य बिक्री के लिए उपलब्ध करवाने का उद्देश्य नवयुवक नवयुवतियों को राष्ट्र के स्वतंत्रता आन्दोलन एवं अन्य उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध करवाना। जिससे राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर हमारे महापुरूषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की जानकारी मिले। प्रेरणा प्राप्त कर जीवन के भिन्न भिन्न क्षेत्रों में

(भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी) श्री प्रतापसिंह गहलोत ने दृढ़ संकल्प के साथ ही इस प्र.प.अ. की रूपरेखा तैयार कर चरणबद्ध कार्य आरंभ किया। नवनिमिर्तत भवन मानजी का हत्था स्थित भवन में एक बड़े कक्ष में सभी आवश्यक सुविधाएं फर्नीचर, ग्लास डोर, पुस्तकें रखने हेतु लोहे की अलमारियों, वाटर कूलर, वाटर प्योरिफायर इत्यादि लगाये गए। प्रथम चरण में सबसे आवश्यक था विद्यार्थियों

भारतीय प्रशासनिक सेवाएं राज.प्र. एवं अ. सेवाओं का ब्यौरा इस प्रकार है प्रदेश का दूसरा बड़ा शहर ऐतिहासिक भौगोलिक, शिक्षा क्षेत्र में अपनी गौरममय पहचान बनाने में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थान की स्थापना श्री अशोक गहलोत की शिक्षा प्रेम को चिन्हित करती है। संस्थान से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा एवं भविष्य में अधिक स्तर के परिणाम आने लगे। वर्तमान समय में यह प्रथम केन्द्र है जिसकी कल्पना श्री अशोक गहलोत ने की आज यह एक शिक्षित बेरोजगार अभ्यार्थियों के प्रशासनिक सेवाओं में भर्ती हेतु चयन के लिए प्रदेश की श्रेष्ठ संस्थान (हेल्प लाईन) के रूप में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अब कल्पनाएं मूर्त रूपले रही है स्वप्न साकार हो रहे है।

परिणाम : सिविल परिक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने की योजना जनवरी 2007 से प्रारंभ की गई 2007-08 में दो विद्यार्थियों का चयन हुआ। दोनों का

बढ़ें और राष्ट्र के प्रति समर्पित और अनुशासित अधिकारी बनें।

## चिंतन मंच

भारत सेवा संस्थान को कार्य दिशा है, चिंतन मंच। भारत सेवा संस्थान की इस दिशा



को श्री ओ. पी. टॉक संभालते है। विद्वान, मेघावी, मृदुभाषी श्री आक निरहंकार रूप से अनेक जटिल से जटिल विषयों को समाज की आवश्कतानुसार सरल बना लेते हैं। उच्चकोटि के उद्घोषक और कार्यक्रम संचालन में प्रवीण श्री ओ. पी. टॉक के व्यवहार से हर आगंतुक संतुष्ठ रहता है। लोक प्रिय जन नेता श्री अशोक गहलोत की धारणा है कि शुद्ध सात्विक गांधीवादी विचारों से ओतप्रोत व्यक्तियों की संख्या अगर बढ़ जायें तो जन कल्याण का लक्ष्य बहुत शीघ्र प्राप्त हो सकता

सर्वोदय विचारक श्री त्रिलोकचंद गोलेच्छा थे।

27 जून, 2008 को दिल्ली के सुप्रसिद्ध नाट्स संस्था रंगसप्तक द्वारा जोधपुर के टाऊन हॉल में मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक रंगभूमि का मंचन किया गया। 22 फरवरी 2008 को श्री उमाशंकर त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक मारिया मोन्तेस्सोरी-जीवनी एक शिक्षादर्शन का प्रसिद्ध शिक्षाविद् संजीव मित्र द्वारा लोकार्पण करवाया गया तथा साथ एक संगोष्ठी आयोजित की गई।


19 जुलाई 2009 को महात्मा गांधी की पुस्तक हिन्द स्वराज एक ऐतिहासिक अनिवार्यता पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

20 जुलाई 2009 को डॉ. नंदकिशोर आचार्य का एकल काव्य पाठ कार्यक्रम रखा गया जिसकी अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. श्री नारायण जोशी ने की। विशेष अतिथि सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय शायर शीन काफ निजाम थे।

20 अगस्त 2009 को राजीव गांधी जंयति

www.malisaini.org

# वन्यजीव विशेषज्ञ श्री वाई. डी. सिंह पंचतत्व में विलीन



जोधपुर वन्यजीव विशेषज्ञ 86 वर्षीय श्री वाई. डी. सिंह सांखला का आकस्मिक निधन 18 जनवरी, 2011 को हुआ। अंतिम संस्कार गुरूवार को रामबाग कागा श्मशानप में हुआ। उनके बेटे श्री अरूण सिंह सांखला ने सिंह को मुखाग्नि दी। सिंह का पिछले कई दिनों से एमडीएम अस्पताल में उपचार चल रहा था। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने उनके बड़े भाई कैलाश सिंह सांखला से फोन पर वार्ता की और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। ज्ञात रहे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अपने पिछले जोधपुर दौरे पर श्री सिंह की अस्पताल में जाकर उनके स्वास्थय की जानकारी ली थी। आज उनके निवास गोडावण हाउस में उनके पार्थिव शरी को लोगों के दर्शनों के लिए रखा गया। पूर्व नरेश गजसिंह की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहर के कई गणमान्य नागरिकों के अलावा वन्यजीव प्रेमी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वाई.डी. सिंह 1962 से लेकर 1984 तक जोधपुर जंतुआलय के अधीक्षक रहे। वन्यजीवों से उन्हें इतना लगाव था कि वे उनकी अपने बच्चों की तरह देखभाल करते थे। गोडावण को राज्य पक्षी का दर्जा दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने गोडावण के लिए विशेष पिंजरा बनाकर वंश वृद्धि के प[illegible] किए [illegible] से गोडावण के चूजे नहीं निकले। सिंह जून 1977 में दुर्लभ
...ान पक्षी गोडावण लेकर आए थे। पक्षियों के लिए अलग से 1978 में ...इन-ऐवरी सेक्शन बनाया। जहां विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षी ...ण कर रहे है। घड़ियाल के लिए 1979 में अलग से हौद बनवाया।



उम्मेद उद्यान में टाइगर पार्क की सैर कराते श्री वाई. डी. सिंह सांखला

## जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| | : वाई डी सिंह सांखला |
| ...ी | : श्रीमान खेमराजजी सांखला<br>पूर्व उद्यान अधीक्षक जोधपुर कोटा संभाग, |
| ...ाई | : पदमश्री कैलाश सांखला |
| ...तिथि | : 2.9.1928 |
| ...ानस राज्य सेवाएं | : 1.5.1953 (एक्स आर्मी पर्सनल) |
| ...विभाग | : एलडीसी शिक्षा विभाग (राज.) |
| ...भाग | : 1957 (एलडीसी) |
| ...ल राहत कार्य | : 1960 माइग्रेशन / इमीग्रेशन इंस्पेक्टर |
| ...ालय बीकानेर | : 1.9.1961 पर्यवेक्षक जन्तुआलय |
| ...ल राहत कार्य | : 1963-1964 माईग्रेशन / इमीग्रेशन इंस्पेक्टर |
| ...क्षक जन्तुआलय बीकानेर | : 1964 |
| ...क्षक जन्तुआलय जोधपुर | : 1969 |
| ...ति अधीक्षक जन्तुआलय जोधपुर | : 1981 |
| ...वृति | : 30.9.1983 |

पूरी दुनिया टाइगर के नाम से कांपती है, लेकिन वाई. डी. सिंह टाइगर को अपने बच्चे की तरह रखते थे। उस समय जू के शेर, टाइगर और पैंथर सभी उनकी भाषा समझते थे। कई बार वे शेर को पिंजरे से बाहर निकालकर अपने साथ घूमने ले जाते थे। 1983 में रिटायरमेंट के दिन वे हैदराबाद से एक टाइगर के जोड़े को जू में लेकर आ गए।

उस समय सभी कर्मचारी चौंक गए थे कि सरकारी सेवा के अंतिम दिन टाइगर ले आए। इस बात पर उन्होंने कहा कि ये मेरे बच्चे हैं। इनसे मेरा लगाव रिटायरमेंट के बाद भी रहेगा। वन्यजीव विशेषज्ञ सिंह को उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

**सेवा में रहते हुए :** फौज की सेवा में रहते हुए सन 1952 में स्वतंत्र भारत में प्रथम सेनापति, जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) के.एम. करियाप्पा के फौजी फोटोग्राफर रहे।

**अकाल राहत कार्य :** सन 1961-61 में अकालों में माइग्रेशन / इमीग्रेशन इंस्पेक्टर की हैसियत से निष्ठापूर्वक कार्य किया। 60-61 में राज्य सरकार ने प्रशंसनीय कार्य करने पर 101/- रूपये नकद एवं एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

1981-82-83 के अकाल में लोगों को राहत दिलाने के लिए माचिया रिजर्व पार्क की (बिना किसी गारे से) करीब 12 किलोमीटर 7 फूट उंची सुखी दीवार का निर्माण कराया।

**जन्तुआलय में**

1. आप पहले जू मैन हैं जिन्होंने गोडावण को जनता के सामने लाने का सफल प्रयत्न किया एवं उसका लम्बे समय तक पालन किया।

2. वन्य जीवों के संरक्षण हेतु धवा डोली तथा गुडा विश्नोईयां जैसे गांवों में अभ्यारण प्रतिष्ठित कराने की दिशा में राज्य व प्रशासन को अनेक सुझाव देकर उसका मार्गदर्शन किया जिसका एक आदर्श निदर्शन मरू वन्य जीव संरक्षण समिति (गोडावन) की गतिविधियों के रूप में कियान्वित हो रहा है।

**जोधपुर जन्तुआलय के पिंजरे के बाहर निकले उत्तेजित अनियंत्रित तथा खूंखार बघेरा का सामना करते हुए अपने विभागीय कर्मचारियों एवं बघरे की प्राण रक्षा हेतु अपूर्व सहास का परिचसय दिया था आपकी कर्तव्यपाराणयता तथा निष्ठा का ज्वंलत उदाहरण माना जाता है।**

4. जोधपुर जन्तुआलय में आलको के मनोरंजन एवं पक्षिओं के स्वछन्द चिरण के लए भारत में प्रथम सफल स्वछन्द पक्षी गृह भी बनाया जो आज भी उनके आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

5. माचिया रिजर्व और धवा डोली आरक्षण क्षेत्र के निर्माण का श्रेय आपको ही जाता है।

6. जब तक आप वन विभाग की सेवा में रहे तब तक जोधपुर शहर के आस पास के वन क्षेत्रों में अतिक्रमण नहीं होने दिया।

7. शिकार पर कड़ी निगरानी रखी जिससे उस समय में वन्य प्राणियों का बहुत ही कम शिकार हुआ।

8. जन्तुआलय के मूक प्राणियों का सहृदय से लालन पालन किया। स्वच्छ पानी एवं विद्युत (जीवों के अनुसार) संबधी बहुत से कार्य किये।

9. हर वर्ष वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन कर जोधपुर के छात्र छात्राओं को अभयारणों का भ्रमण करवाकर उनके मन में वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी जागरूकता व लगाव पैदा किया।

10. हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर परेड मैदान में वन एवं वन्य प्राणियों की रक्षार्थ तत्वों को ध्यान में रखकर झांकियों का प्रदर्शन किया। हर बार झांकियों के सफल आयोजन के कारण आपको प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

11. जोधपुर जिला प्रशासन ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भिन्न भिन्न कार्यों के लिए चार बार प्रशंसा पत्र देकर आपको सम्मानित किया है।

**सेवानिवृति के बाद स्वयंसेवी संस्थाओं से जुडाव :**

1. मरू वन्य प्राणी समिति गोडावण जोधपुर के सदस्य
2. श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र समिति के अद्यावधिक अध्यक्ष।
3. वन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष
4. डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के सदस्य
5. इनटेक के सदस्य
6. अध्यक्ष पीपुल्स फोर एनिमल्स जोधपुर शाखा।

**सरकारी कमेटिया :**

1. राज्य वन साझा प्रबंधन कमेटी के सदस्य
2. आबू पर्वत वन एवं पर्यावरण विकास मिति के सदस्य।
3. राजस्थान राज्य सरकार ने राज्य वन प्राणी सलाहकार मण्डल के मनोनीत सदस्य
4. मारवाड़ क्षेत्र (जोधपुर जैसलमेर) को पुरावस्तुओं सांस्कृतिक एवं नैसर्गिक सम्पदाओं के संरक्षण एवं उनके सुझाव हेतु नवगठित कमेटी का मनोनीत सदस्य।
5. बड़ौदा जन्तुआलय के सलाहकार मण्डल के मनोनीत सदस्यं
6. जिला प्रशासन द्वारा जिला पर्यटन एवं पर्यावरण विकास कमेटि के सदस्य।
7. राज्य आदेश द्वारा जिला कलेक्टर जोधपुर की अध्यक्षता में खानों का पानी झीलों में डालने वाली कमेटी के मनोनीत सदस्य।
8. जोधपुर शहर में तहखानां में भूमिगत पानी रोकने के लिए सम्भागीय आयुक्त जोधपुर में एक मेटी बनाई उसमें भी मनोनीत सदस्य।
9. राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महामन्दिर लाल मैदान जोधपुर की विकास समिति सरदारपुरा विधायक ने अपने नुमाइन्दे के रूप में मनोनीत किया।
10. मौहल्ला विकास समिति लाल मैदान के अध्यक्ष।
11. श्री महाराज उम्मेदसिंह श्री जन्म शताब्दी समारोह के सदस्य।

मानद नियुक्ति

1. राजस्थान राज्य के वन विभाग द्वारा वन्य जीव प्रतिपालक जोधपुर के पद पर मनोनीत।

**सम्मान**

1. सन 1993 में जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित
2. 1993 में महाराजा साहब, जोधपुर द्वारा पालकी सिरोपाव से सम्मानित
3. इन्टैक नई दिल्ली जोधपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

4. महाराजा साहब जोधपुर द्वारा जोधपुर दिवस दिनांक 12.5.2002 को मारवाड रत्न से सम्मानित

5. वन एवं पर्यावरण क्षेत्र की गई प्रशसंनीय सेवाओं के लिए सराहना स्वरूप स्वतत्रता दिवस 2002 को राजस्थान सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

6. इन्टैक द्वारा सन 2003 अनिरूद्ध भार्गव पर्यावरण एवार्ड से सम्मानित।

**सेवानिवृति के बाद के कार्य**

1. जनकल्याण की दृष्टि से पारम्परिक जलाशयों और जलसंग्रह के स्त्रोतों का अध्ययन कर उनके रख रखाव व विकास के संबंध में राज्य सरकार, प्रशासन और पूर्व नरेश को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई।

2. कई वर्षो से खाली रहने वाले बालसमंद झील की एक मात्र मुख्य नहर की सफाई कराई। फलस्वरूप वर्षो होने पर बालसमंद में 1 इंच वर्षा होने पर ही 10 फीट पानी आया और बाद की वर्षा से बालसमंद लबालब भर गया।

3. सन 1992-93 में श्री आर के माहेश्वरी के साथ खानों का पानी झीलों में डालने का सफल प्रयास कर निजी खर्चे से खानों का पानी बालसमंद व कायलाना झीलों में डालने का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर अनहोनी को होनी कर लोगों को चकित कर दिया। इस संबंध में इन पर सन 1995 में इन्टैक द्वारा एक फिल्म भी फिल्माई गई।

4. जोधपुर शहर व आसपास के क्षेत्रें का भ्रमण कर हर एक झील, तालाब, बावड़ी, कुंए, झालरा, नाडे नाडी और टांकों का अध्ययन कर पूर्व इतिहास, वर्तमान हालत का वर्णन विकास एवं उनकी उपयोगिता का सुझाव देकर दो पुस्तकों का लेखन किया।

5. सन 1997 रानीसर की नहर की वर्षो बाद सफाई का सफल संचालन कर नहर की अच्छे ढंग से सफाई और मरम्मत का कार्य।

6. कायलाना, बालसमंद, उम्मेद सागर, सूरपुरा बांध का सहायक पारम्परिक नहरों की सफाई और इनके आगोरों को विकसित करने के लिए प्रशासन और राज्य सरकार को बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव दिये और इन कार्यो को क्रियान्वित करवाया। फलस्वरूप इन झीलों में वर्षा का पानी बडी मात्रा में संग्रहित हुआ। सन 2003 में जोधपुर शहर के पास सबसे बडी झील (सूरपुरा बांध) में बहुत वर्षो बाद 12 फीट तक पानी आया।

7. सन 1999-2000 देवकुण्ड वन क्षेत्र में जनता द्वारा अतिक्रमण करने की कार्यवाही पर राजय सरकार, वन विभाग और प्रशासन को अवगत कराते हुए अतिक्रमण को रूकवाया।

